



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 95 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 13 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## आगे चल रहे ट्रक में घुसी कार, एक की मौत, एक गंभीर

### कार को 100 मीटर तक घसीटते ले गया ट्रक





**दलौदा, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर की पुरानी चौकी के समीप एक कार आगे चलते ट्रक में जा घुसी। ट्रक ड्राइवर करीब 100 मीटर तक कार को घसीटता ले गया। कार सवार हरियाणा के डॉक्टर की मौके पर मौत हो गई। राजस्थान का रहने वाला उनका साथी डॉक्टर गंभीर घायल है। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 6.30 बजे हुआ।

दलौदा थाना प्रभारी संजीव सिंह परिहार ने बताया कि दलौदा चौपाटी स्थित पुरानी चौकी के सामने हाईवे पर एक ट्रक ने स्पीड ब्रेकर पर अचानक ब्रेक लगाया। जिससे पीछे से आ रही कार उसमें जा घुसी। कार चलते ट्रक में फंस गई। ट्रक ड्राइवर कार को घसीटता ले जा रहा था। राहगीरों ने ट्रक रुकवाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ट्रक जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में हरियाणा के अम्बाला निवासी डॉ. रितेश जाट की मौत हो गई। राजस्थान के उदयपुर के रहने वाले डॉ. कृष्णा दयाराम जाट (32) गंभीर घायल हैं। दोनों उज्जैन से उदयपुर जा रहे थे। दोनों उदयपुर के ही अस्पताल में कार्यरत थे।

# बच्चों की ट्रेन को अनदेखी का ग्रहण



## इतिहास बनकर रह गई दशपुर कुंज की टॉय ट्रेन, बच्चों को नहीं मिल पा रहा छुक-छुक गाड़ी का आनंद



**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में दशपुर कुंज उद्यान कभी बच्चों का लुभाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। यहां छुक-छुक ट्रेन की आवाज के बीच बच्चों की मौज-मस्ती होती थी। लेकिन, यह सब अब पुरानी बात हो गई। सिर्फ बच्चों की ट्रेन ही नहीं बल्कि इसके लिए बनाए गए ट्रेक पर टनल के रुप में गुफा भी बनाई तो टिकिट घर भी था। इसमें बैठकर बच्चें हर दिन मस्ती भरा सफर करते थे। लेकिन, अब ऐसा कुछ नहीं होता है। सालों से बंद पड़ी इस ट्रेन के बीच अब तो बच्चें यह भी भूल गए कि यहां बच्चों के लिए ट्रेन चलती है। जब से ट्रेन बंद हुई तो अब तक शुरु भी नहीं हो पाई है। पूरे सिस्टम की विडंबना तो यह है कि शहर विकास के बड़े -बड़े वादें करने वाली नगर सरकार शहर के बच्चों की इस ट्रेन को भी चालू नहीं करवा पा रही है और ना ही इसे चालू करने की कोई प्लानिंग है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर को देखकर पता चलता है कि कभी ट्रेन चला करती थी, लेकिन अब यह इतिहास की बात हो गई।

दशपुर उद्यान बड़े अस्पताल के ठीक सामने है और शहर के बीचोंबीच गोल चौराहा क्षेत्र में है। ऐसे मे यहां जब बच्चों की ट्रेन चलती थी तो यहां भीड़ रहती थी। लेकिन, ट्रेन ऐसी बंद हुई कि अब तक चालू ही नहीं हो पाई। वर्तमान में बच्चों की इस ट्रेन के लिए जो ट्रेक बनाया था वह भी विरान होकर खराब होने लगा है। वह भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। टिकिट घर अब कबाड़ होता चला जा रहा है तो जो टनल बनाई थी ओर इसके अंदर ट्रेक से होकर कभी गुजरने वाली ट्रेन की जगह अब कचरा पड़ा है। इस टनल के दोनो ओर ताले लगे हुए है। यहां लगे शेड पर बच्चों की मौज-मस्सी ओर हंसी-ठहाको की गुंज की बजायआम लोग दोपहर में बैठे हुए नजर आते है। लेकिन ट्रेन के बंद होने के साथ ही शहर की मात्र इकलोती जगह जहां लोग बच्चों को मनोरंजन और घुमाने के लिए लाते थे, वह भी बंद हो गई। शहर ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के लोग भी जब मंदसौर आते तो इस उद्यान में पहुंचकर इस बच्चों की ट्रेन में बच्चों को घुमाने के लिए पहुंच जाते थे, जो अब सालों पुरानी बात हो गई है।

### शहर के बीच मुख्य मार्ग पर स्थिति उद्यान, फिर भी नजरों से दूर...

शहर के बीचोबीच बीपीएल चौराहा व गांधी चौराहा के बीच बड़े अस्पताल के सामने भले ही दशपुर कुंज उद्यान है। यहां हर दिन नगर सरकार से लेकर मंदसौर का प्रतिनिधित्व करने वाले अन्य जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी हर किसी की आवाजाही होती है। लेकिन, फिर भी दशपुर कुंज के इस उद्यान पर किसी की नजर नहीं पड़ रही है और बच्चों की इस ट्रेन को फिर से चलाने के लिए तो कोई संज्ञान ही नहीं ले रहा है। जिला मुख्यालय की नपा के ऐसे हालात है। जबकि, समीप के क्षेत्रों में छोटे निकाय उद्यानों पर बेहतर काम करने के साथ बच्चों की ट्रेन भी संचालित कर रहे है।

### उद्यान में पेयजल और सुविधाघर का अभाव...

दशपुर उद्यान पर हर दन दिनभर सबसे अधिक लोगों की आवाजाही रहती है। यहां पर बैठने की व्यवस्था से लेकर हरियाली ओर पेड़-पौधों से लेकरी सफाई भी है। तो वहीं उद्यान भी बड़ा है और पैदल घुमने के लिए पाथवे भी बना हुआ है। लेकिन आम लोगों के लिए पानी की सुविधा यहां पर नहीं है। बड़े अस्पताल के सामने होने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन तो अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजन भी यहां आराम करते हुए हर दिन देखे जाते है तो कई लोग यहां बैठकर सुकून की नींद निकालते से लेकर भोजन करते हुए देखे जाते है। लेकिन, पेयजल की समस्या और सुविधाघर की समस्या शहर के बीचोबीच स्थिति इस उद्यान में है।

# श्री राम राज्य स्थापना यात्रा मंदसौर पहुंची, राम मय हुआ शहर



**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री अन्नपूर्णा धाम सेमलिया से आरंभ हुई श्री राम राज्य स्थापना यात्रा का शुक्रवार 12 जनवरी को मंदसौर नगर आगमन हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी श्री मधुसुदनानंद जी महाराज के नेतृत्व में यात्रा दोपहर में पहुंची। यात्रा में अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी जी महाराज तथा प्रदेश के शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सम्मिलित थे। इस यात्रा में देश भर से लगभग 200 साधु संत शामिल है। इस दौरान राम नाम के जयकारों से मंदसौर गूंज उठा।

महाराणा प्रताप चौराहा से यात्रा प्रारंभ हुई। जो महाराणा प्रताप चौराहा से बीपीएल चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर आजाद चौक, सदर बाजार होती हुई भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची। जहां परिसर में धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसे अनेक साधु संतो ने संबोधित किया।

## वीआईपी के प्लेन पर मंडराया था खतरा, हवाई पट्टी पर घुसा नीलगायों का झुंड...

# प्रशासन ने नहीं किए पुख्ता इंतजाम, बड़ा हादसा टला

### पूर्व विधायक ने कराया अधिकारियों का ध्यान आकर्षित, नोटिस जारी

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को प्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई संत राम राज्य स्थापना यात्रा के आगमन पर मंदसौर पहुंचे। यह सभी वीआईपी की श्रेणी में आते हैं। इनमे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री विजयवर्गीय को सीआईएसएफ की सुरक्षा मिली हुई है। प्रशासन को भी सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए था। लेकिन, प्रशासनिक लापरवाही से एक बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था।

दरअसल नौलखा बीड स्थित हवाई पट्टी पर वीआईपी प्लेन से उतरने वाले थे तो स्थानीय जनप्रतिनिधि, नेता सहित बडी संख्या में लोग स्वागत को पहुंचे। इसी दौरान नीलगायों का झुंड हवाई पट्टी में प्रवेश कर गया। जैसे-तैसे स्थिति पर काबू पाया गया। इस मामले में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने संज्ञान लिया। उन्होंने एडीएम सहित अन्य अधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आए। संबंधित को नोटिस जारी किए गए है।

### बाउंड्री वाल बनाई जानी थी...

बता दे कि हवाई पट्टी के आसपास नीलगायों का जमावड़ा अकसर होता है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए था कि यहां बाउंड्री वाल बनाए। इसके अलावा नीलगायों को क्षेत्र से दूर रखने के लिए कोई इंतजाम करे। लेकिन, प्रशासनिक अधिकारियों ने इस और ध्यान नहीं दिया। गनीमत रही कि समय रहते बाउंड्री के अंदर प्रवेश कर गई नीलगायों के झुंड पर काबू पाकर उन्हे खदेड़ दिया गया। अन्यथा बड़ा हादसा होने की आशंका से इंकार नहीं किया जबसक्ता था।

### प्लेन से टकराने पर क्रेश...

उल्लेखनीय है कि नीलगायों में इतना बल होता है कि एक कार या किसी बड़े वाहन को पलट दे। कई हादसे भी इस तरह के हुए है। इधर प्लेन ऐसा संसाधन है कि इससे पंछी भी टकराने पर प्लेन क्रेश हो जाता है। अगर ऐसे में नीलगायों का झुंड इंसानों को देखकर विचलित होकर प्लेन से टकरा जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसी तरह से वहां मौजूद वीआईपी सहित अन्य लोगों को भी नीलगायों का झुंड नुकसान पहुंचा सकता था।

### इनका कहना...

नीलगायों का झुंड हवाई पट्टी में प्रवेश कर गया था। कहीं न कहीं प्रशासनिक लापरवाही हुई है। मैने तुरंत अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। इसके बाद संबंधित को नोटिस भी प्रशासन ने जारी किए है।

**यशपाल सिंह सिसौदिया**
**पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एमपी**

# कोहरे से राहत, मौसम पूरी तरह खुला

## शाम से लेकर सुबह तक ठंड का असर बरकरार



**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते पिछले कुछ दिनों से कोहरा और बादल छाए रहे। शुक्रवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा। धूप निकलने से ठंड से हल्की राहत मिली। कोहरे का असर भी इतना नहीं रहा। लेकिन, शाम से लेकर सुबह तक ठंड का असर बरकरार रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इसके अलावा ठंडी हवाओं का दौर जारी है। इसके चलते ठंड का असर बरकरार है।

मौसम जानकारों के अनुसार अगले एक सप्ताह तक कड़ाके की ठंड नहीं पड़ेगी। ऐसा मौजूदा सिस्टम और 16 जनवरी से एक्टिव हो रहे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से होगा। हालांकि, इस दौरान बारिश या ओले गिरने का अनुमान नहीं है। लेकिन, दिन ठंडे रहेंगे। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिन से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से प्रदेश में घना कोहरा छा रहा है। अभी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अफगान-ईरान के आसपास है। इस वजह से विंड पैटर्न बदल गया है। राजस्थान के आसपास प्रति चक्रवात की एक्टिविटी है। इन वजहों से अगले 3 से 4 दिन तक कोहरा रहेगा। इसके बाद रात के टेम्प्रेचर में कुछ गिरावट हो सकती है। लेकिन 16 जनवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने का अनुमान है। इससे रात का तापमान ज्यादा नहीं लुढ़केगा।

## महिला को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शराब के रुपए नही देने पर महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। काचरिया कदमाला निवासी पप्पूकुंवर देवडा ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का रतनसिंह पिता करणसिंह सौंधिया घर पर आया और बोला कि तुम्हारे पति को 200 रुपए दे दो हम शराब पीएगें। मना किया तो रतनसिंह ने दूसरे दिन घर पर आकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने रतनसिंह के खिलाफ के दर्ज किया।

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन मप्र भी होगा राममय



### 22 जनवरी को हो सकती है सरकारी छुट्टी

**भोपाल, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को हो रही श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले मध्य प्रदेश भी राममय होगा। सभी मंदिरों में रामधुन, भजन-कीर्तन होंगे। जगह-जगह प्रभात फेरी निकाली जाएंगी।

मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था होगी। सभी जन इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन सकें, इसके लिए सरकारी छुट्टी देने की भी तैयारी है। इसको लेकर कर्मचारी संगठन मांग भी कर चुके हैं।

### बिजली आपूर्ति को लेकर निर्देश...

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि 22 जनवरी को बिजली आपूर्ति किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

### अन्य राज्य घोषित कर चुके हैं सरकारी छुट्टी...

अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकारी छुट्टी घोषित की जा चुकी है। उम्मीद है कि अगले एक-दो दिन में मध्य प्रदेश में भी इस दिन सरकारी छुट्टी की घोषणा की जा सकती है।



### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में कांग्रेस की ना का विरोध

# कांग्रेसी भी नाराज इस्तीफों का दौर शुरु

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** रामलला स्थापना को लेकर कांग्रेस के नेताओं का सोशल मीडिया पर जमकर विरोध हो रहा है। यहां तक कि कांग्रेस के बड़े नेताओं को रावण और कुंभकर्ण तक की संज्ञा दी जा रही है। कई कार्टून सोशल मीडिया पर कांग्रेस के विरोध में चल रहे हैं। कुछ कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व के निर्णय को तर्क वितर्क कर सही बता रहे तो कई कांग्रेसी इस निर्णय से नाराज भी नजर आ रहे। कहीं खुलकर तो कहीं दबकर निर्णय का विरोध हो रहा है। स्थिति यह है कि इस्तीफे तक सोशल मीडिया पर देने का काम शुरु हो गया है। जिला कांग्रेस महामंत्री राकेश सुरावत द्वारा भी एक इस्तीफा जिला कांग्रेस कमेटी के नाम दिया गया है। इस संबंध में एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इधर भाजपा भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियो में जुटी हुई है।

अयोध्या में रामलला की 22 जनवरी को स्थापना के बाद से उसका करीब दो माह तक भाजपा महोत्सव मनाने जा रही है। हर लोकसभा सीट से 6 हजार लोग अयोध्या भेजे जाएंगे। श्रद्धा एक्सप्रेस ट्रेन चलेगी, जिसका फिक्स किराया 1500 रुपए होगा। अयोध्या जाने वाले लोग भी चिह्नित होंगे, जिसमें यूथ और प्रभावकारी लोगों के साथ एससी-एसटी के भी प्रमुख लोग होंगे। भाजपा की यह तैयारी लोस चुनाव के लिहाज से है। सीहोर के एक रिसोर्ट में हुई चिंतन बैठक में इसका रोडमैप बन गया।

### कांग्रेस बोली, एक लाख कार्यकर्ता जाएंगे...

सनातन में आस्था रखने वाला हर व्यक्ति दर्शन करना चाहता है। सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी दर्शन करना चाहते हैं। लेकिन हमारे मन में भावना है कि राजनीतिक लाभ-हानि में धर्म का विषय नहीं है। आस्था व्यक्तिगत विषय है। एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता दर्शन करेगा। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस का कोई भी नेता अयोध्या नहीं जा रहा है। इधर, मध्यप्रदेश से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बड़े बयान से राजनीति गर्मा गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राम मंदिर पूरा होने व प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद कांग्रेस का एक लाख कार्यकर्ता सौ प्रतिशत पार्टी के नेतृत्व में रामलला के दर्शन करने जाएगा। उन्होंने श्योपुर के विजयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि सनातन में आस्था रखने वाला हर व्यक्ति दर्शन करना चाहता है। सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी दर्शन करना चाहते है। लेकिन, हमारे मन में भावना है कि राजनीतिक लाभ-हानि में धर्म का विषय नहीं है। आस्था व्यक्तिगत विषय है। एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता दर्शन करेगा।

# जंगली जानवरों का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, मृत खरगोश और बंदूक बरामद



**नीमच, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वन विभाग की टीम ने जंगली जानवरो का शिकार करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। उनके कब्जे से मृत खरगोश और बंदूक भी बरामद की गई है।

जानकारी के मुताबिक जावद वन परिक्षेत्र अधिकारी के साथ टीम ने रात कक्ष क्रमांक पी-49 गांव खानन लापियां के कच्चे रास्ते पर बाइक सवार दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था मे दिखाई देने पर रोका। पूछताछ के दौरान आरोपी विक्रम सिंह पिता नरवर सिंह राजपूत और राजवर्धन पिता भीम सिंह राजपूत निवासी हरिपुरा रामनगर डिकेन के पास एक दोनाली 12 बोर बंदूक पाई गई। इसके बाद बाइक की तलाशी लेने पर एक मृत खरगोश बरामद हुआ जो उन्होंने जंगल से शिकार कर लाना बताया। इसके बाद दोनों को जावद वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में लाकर भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में जावद वन परिक्षेत्र अधिकारी विपुल प्रभात करोरिया के निर्देश में वन परीक्षेत्र सहायक दड़ोली कुलदीप दीक्षित, कार्यवाहक वनपाल रतनगढ़, वनपाल परिक्षेत्र सहायक जुझारमल फुलेरिया, वनरक्षक अशोकदास बैरागी, अंतिम हरित, राहुल पाराशर का योगदान रहा।



# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा हम सभी को ऊर्जा से सराबोर करती है

## जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम उत्कृष्टस्कूल मन्दसौर में हुआ। इसमें जिले के सभी स्कूलों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, पार्षद, जिला अधिकारी एवं स्कूलों के छात्र छात्राएं उपस्थिति थे। जिले के सभी विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षा संस्थान ,पंचायतों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सुभाष शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल से कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को सभी ने देखा और सुना। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् से हुई। सामूहिक सूर्य नमस्कार के अवसर पर मध्य प्रदेश गान भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान जन गण मन हुआ। स्वामी विवेकानन्द एक ऐसी प्रेरणा थे, जिनके विचार आज भी हम सब को ऊर्जा से भर देते हैं। जो व्यक्ति अपने आप पर भरोसा करता है, उसकी मदद ईश्वर भी करता है। प्रत्येक नागरिक को शरीर और मन से स्वस्थ होना चाहिये। शरीर को सशक्त बनाने का सबसे सशक्त माध्यम योग है। सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करके योग के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। बडे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वामी विवेकानन्द के बताये मार्ग पर चलना होगा। सूर्य नमस्कार और प्राणायाम को अपनाना होगा और स्वयं को समाज और देश के लिये कार्य करने के बड़े लक्ष्य से जोड़ना होगा। योग हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग से जहां एक ओर स्वास्थ्य ठीक रहता है वहीं शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। योग से कई प्रकार की बीमारियों से भी मुक्ति मिलती है। सूर्य नमस्कार में योग के सभी आसनों का समावेश होता है।

# जीवन में चरित्र का निर्माण सबसे महत्वपुर्ण-सोहानी

## मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने किया स्वामी विवेकानंदजी की जंयती पर जिला स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जीवन में चरित्र का निर्माण सबसे महत्वपुर्ण है, जिसके पास (शील) चरित्र है, वहीं सबसे शक्तीशाली व्यक्ति है। उपदेश देना आसान है,लेकिन आत्म ज्ञान होना सबसे कठिन कार्य है। स्वयं को पहचानना ही जीवन में सबसे कठीन कार्य होता है, स्वामी विवेकानंदजी का जीवन भी आत्म ज्ञान से ओत-प्रोत रहा है। रावण के पास सभी शक्तीयां थी, लेकिन चरित्र के कारण ही पराजय हुई है।

उक्त विचार शासकीय महाविद्यालय के पुर्व प्राचार्य श्री आर के सोहानी ने मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा आयोजीत स्वामी विवेकानंदजी की जंयती के अवसर पर जिला स्तरिय व्याख्यान माला कार्यक्रम में व्यक्त किये। श्री सोहानी ने कहा की भारत देश मिट्टी से महोब्बत करने वालो देश हैं, जहां हम मिटटी सें भगवान बनाते हैं। ढाई सो वर्षो में देश में एक भी युवा ऐसा नहीं हुआ जिसे हम विवेकानंदजी की उपाधी दे पाये। कार्यक्रम में अतिथि



अधिवक्ता सुनिल बडोदिया ने कहा की युवाओ को किताबों की और रूची बढाना होगी। अधिवक्ता प्रवीण पुनिया ने कहा की स्वामी विवेकानंदजी का जीवन पारदर्शी रहा है। कार्यक्रम में मंच पर श्रीजी नर्सिंग कॉलेज के संचालक भंवरलाल सेनी, दीपक सेनी, प्राचार्य विनोद पाटीदार, जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता महेश दुबे डबको उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर माल्यापर्ण के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी, विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा, अर्चना भटट, परामर्शदाता रूपदेवसिंह सिसोदिया, हरिओम गंधर्व ने किया। कार्यक्रम का संचालन जीत बाडी केयर के संचालक इन्द्रजीत भटट ने किया। आभार अर्चना भट्ट ने माना। कार्यक्रम के अंत में श्रीजी कांलेज के संचालक दीपक सैनी द्वारा अतिथियों को शिल्ड भेट कि गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं नर्सीग कॉलेज की छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थीत थे।



# कर्तव्यबोध दिवस, विशिष्टकार्यकर्त्ता सम्मेलन सम्पन्न

**मनासा, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** म प्र शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा मनासा द्वारा कर्तव्य बहुत दिवस मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री हिम्मत जी जैन साहब, जिला संगठन मंत्री बद्रीलाल जी पुरोहित, मनासा ब्लॉक संगठन मंत्री श्री ओमप्रकाश जी व्यास, मनासा ब्लाक प्रभारी श्री जगदीश जी बारीवाल के विशिष्ट आथित्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजन अर्चन से की गई। सरस्वती वंदना श्री मुकुंद दास बैरागी द्वारा प्रस्तुत की गई।वहीं अतिथियों का परिचय ब्लॉक अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह हाडा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा तहसील अध्यक्ष श्री गोपाल जी जोशी द्वारा प्रस्तुत की गई। वही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री हिम्मत जी जैन द्वारा शिक्षक और संगठन के कर्तव्यों के बारे में बताया गया की शिक्षक असामान्य प्रतिभा के धनी होते है जिनके द्वारा एक अच्छे समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है साथ ही जिला स्तर नीमच पर आयोजित होने वाले विशाल शिक्षक सम्मेलन के बारे में भी कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की गई। मनासा क्षेत्र के प्रत्येक शिक्षक सम्पर्क कर कार्यक्रम की जानकारी ओर सम्पर्क रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक मनासा रामपुरा क्षेत्र से संगठन के पदाधिकारी,वरिष्ठशिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक सचिव राकेश पुरोहित द्वारा किया गया।

# विधि महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न




**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर विधि महाविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी 2024 को रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधानमें राष्ट्रीययुवादिवस मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के पूर्व प्राचार्य डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहनी एवं रेड रिबन क्लब के जिला समन्वयक डॉ. राजेश रजक उपस्थित रहे।

डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, विद्यार्थियों को अपने जीवन में अपने लक्ष्य के प्रति सदैव तत्पर एवं तैयार रहना चाहिए। डॉ. राजेश रजक ने विद्यार्थियों को युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही ट्रस्ट सचिव श्री रघुवीरसिंह चुण्डावत द्वारा भी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया एवं कहा कि, आज का युवा ही राष्ट्र का भविष्य है। स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्री कुणाल शक्तावत ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. हेमलता चौहान ने किया तथा आभार वरिष्ठप्राध्यापक डॉ. राजेश कौशिक ने माना। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम श्री ईशान कौशिक एवं द्वितीय कु. विनिता वाघेला रही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मनासा द्धारा मनाया सूर्य नमस्कार कार्यक्रम



**मनासा, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के उपलक्ष में युवा दिवस मनाया गया एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर विस्तार से स्वयंसेवकों नें भाषण दिया एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल जैन, एनसीसी प्रभारी डॉ. जी.के कुमावत, एनएसएस जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशा पटेल सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं बडी संख्या राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।



# सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर की प्रतिष्ठित एवं शिक्षा में अग्रणी शिक्षण संस्थान दशपुर विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव 'राष्ट्रीय युवा दिवस' को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के खेल शिक्षक श्री देवेन्द्र बैरागी के मार्गदर्शन में शिक्षक श्री आकाश गाजवा द्वारा छात्र-छात्राओं को सामूहिक सूर्य नमस्कार करवाया गया। सूर्य नमस्कार के दौरान किए जाने वाले प्रत्येक आसनों का विस्तार से वर्णन कर, छात्र-छात्राओं को इनसे होने वाले लाभों को भी बताया गया। विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री मुकेश बरानिया द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए अपनी सुमधुर आवाज में वंदे मातरम् नामक गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकिमप्रसाद सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# महाविद्यालय प्रांगण में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ



**सुवासरा, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाराणा प्रताप शासकीय महाविद्यालय सुवासरा में खेल विभाग की ओर से श्री भगवान सिंह बघेल क्रीडा अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रात:09:00 बजे महाविद्यालय प्रांगण में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमे महाविद्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। उसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार कक्ष क्रमांक 6 में स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर किया गया माल्यार्पण समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रभारी प्राचार्य जगदीशचंद्र बैरागी सह महाविद्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं की ओर से भाषण प्रतियोगिता में बढ़कर भाग लिया गया। उद्बोधन सत्र के पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा विश्व धर्म सम्मेलन अमेरिका में दिए गए भाषण का श्रवण करवाया गया। उक्त कार्यक्रम के पश्चात नासिक महाराष्ट्र से माननीय प्रधानमंत्री जी के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.बी. एस. निंगवाल ने किया!प्रो सुरेश देवड़ा ने आभार व्यक्त किया।

## छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार किया

**नंदावता, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे युवा दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओ ने योग शिक्षक सुरेश माली के मार्गदर्शन मे सुर्य नमस्कार किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव के संदेश का लाईव प्रसारण हुआ ।इस अवसर पर जनपद सदस्य भगत पाटीदार, प्रभारी प्राचार्य दुर्गालाल सेन, पिंकी कुमावत, प्रीति शर्मा, प्रेरणा उपाध्याय, कमलेश मालवीय, सुरत राम राठौर, राहुल सिनम, गायत्री प्रसाद शर्मा , देवीलाल कुमावत सहित अनेक जन उपस्थित थें।

## राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024 में दीक्षा नागोरे मंदसौर का करेगी प्रतिनिधित्व

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्ष विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकारद्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन महाराष्ट्र के नासिक में किया



जा रहा है। इसके लिए भारत सरकार देशभर के प्रतिभावान युवाओं को आमंत्रित कर युवा उत्सव का आयोजन कर रही है। उक्त कार्यक्रम के लिए नेहरू युवा केन्द्र द्वारा भाषण प्रतियोगिता में मंदसौर जिले से दीक्षा नागोरे का भी चयन किया गया है। सक्षम युवा सक्षम भारत की थीम पर 12 से 16 जनवरी 2024 को महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित युवा उत्सव में देश भर से आए युवा अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए फूड फेस्टिवल, भाषण, नृत्य, गायन आदि विधाओं में हिस्सा लेंगे।



## लायंस क्लब को स्व. मंगल के नेत्रदान प्राप्त हुए

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठमंडी व्यवसाई श्री राधेश्याम मंगल के देहावसान होने पर उनके परिजनों ने लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से नेत्रदान कराया। उनके नेत्र उत्सर्जित लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन ने किए। नेत्रदान में समाजसेवी सुनील बंसल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

डॉ. मजहर हुसैन ने बताया कि लायंस क्लब को नेत्रदान-महादान प्रकल्प के तहत इस सत्र का यह नवां नेत्रदान प्राप्त हुआ है। आपने सभी से अपील की है कि सभी नेत्रदान का संकल्प ले जिससे किसी नेत्रहीन को नेत्र ज्योति प्राप्त हो सके। इस अवसर पर लायन सचिव प्रेम पाटीदार, सीए विकास भंडारी, आशीष मंडलोई ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं मंगल परिवार का आभार व्यक्त किया।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ

**लूनाहेड़ा, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच ईश्वरलाल धनगर की उपस्थिति में विधालय तथा आर्युवेदिक औषधालय पर डां ललिता पाटीदार की नेतृत्व में योगाभ्यास करवाया गया। इसी तरह शासकीय हाई स्कूल लसूडिया राठौड में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया । युवा सरपंच विनोद कुमार प्रजापत के मुख्य अतिथि के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक साथियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अरुण पाटीदार ने किया। आभार संस्था के प्राचार्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बी एल चौहान माना ।

# जिला स्तरीय रोजगार मेले में 86 युवाओं को मिला रोजगार



**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन शासकीय आईटीआई मंदसौर में किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले में शासकीय विभागों के साथ 14 कंपनियों ने भाग लिया। विभागों द्वारा शासन की योजनाओं के भी स्टॉल लगाए गए। जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथकर विक्रेता योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ भीमराव आर्थिक कल्याण योजना, आचार्य विद्यासागर योजना इत्यादि योजनाओं के बारे में युवाओं को जानकारी दी। जिसे वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके एवं दूसरों को भी रोजगार दे सकते है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, जिलाधिकारी एवं युवा उपस्थित थे। कलेक्टर द्वारा विभागों एवं कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। रोजगार मेले में 197 युवाओं ने रोजगार के लिए आवेदन किया। जिसमें से 86 युवाओं को 14 कंपनियों ने तत्काल रोजगार प्रदान कर ऑफर लेटर प्रदान किया।

## मालदीव के उड़े तोते



कई दीप भारत में
मालदीव क्यूं जाएं
अण्डमान निकोबार
लक्ष्यदीप सजाएं।
मालदीव ने माना
मोदीजी का ट्रेण्ड
मंत्री मरियम, मलाशा
महजूम हुए सस्पेण्ड।
लक्ष्यदीप में लगाए
मोदीजी ने गोते
पर्यटक रिझाए
मालदीव के उडे तोते।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**

# सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

## विधायक परिहार एवं कलेक्टर जैन की उपस्थिति में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार



**नीमच, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2024 को सामूहिक सूर्य नमस्कार सीएम राईस शासकीय कन्या उचतर माध्यमिक विद्यालय नीमच में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार ने नशे के दुषरिणामों को बताते हुए,नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

सामूहिक सूर्य नमस्कार का प्रात:9:30 बजे से आकाशवाणी केंद्र से सीधा प्रसारण किया गया। राष्ट्रगान, वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंदजी की वाणी, मुख्यमंत्री जी का संदेश के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार मे विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, कलेक्टर श्री दिनेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाती चौपडा सहित विद्यार्थीगण, विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार में अपनी सहभागिता निभाई और योग और प्राणायाम किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मंजुलाधीर ने किया।

# अल्हेड़ सरपंच ने ग्राम पंचायत को किया सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षित

## मुख्य चौराहा और प्रमुख धार्मिक स्थल सहित 25 स्थानों पर फोर मेगा पिक्सल के आईपी क्वालिटी कैमरे लगाए

**मनासा, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा पर अमल करने वाली प्रदेश की पहली ग्राम पंचायत बन गई है, नीमच जिले की मनासा जनपद के ग्राम पंचायत अल्हेड। मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी प्रदेश के सभी शहरो और ग्राम पंचायतों में प्रमुख चौराहो पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस पर ग्राम पंचायत अल्हेड के सरपंच आनंद श्रीवास्तव ने योजना बनाई। उन्होने अपने मित्रों के साथ मिलकर गांव के मुख्य चौराहो और धार्मिक स्थल और प्रवेश द्वारा को चिन्हित किया। करीब 25 स्थानों को चयनित किया गया और योजना पर काम शुरू कर दिया। उक्त



स्थारनों पर फोर मेगा पिक्सल के आईपी कैमरे लगाए है, इनकी खासियत है दिन और रात दोनो में बेहतर क्वालिटी दिखेगी। कलर पिक्चर दिखेगी और वाइस रिकार्डिंग भी होगी। कैमरों के माध्यम से गांव के सभी प्रवेश द्वार, मुख्य चौराहा और मुख्य मंदिर को कवर किया गया है। बच्चों की सुरक्षा, स्कूल व आँगवाडी भी सीसीटीवी की नगरानी में बच्चों की सुरक्षा हेतु शासकीय स्कूल और आंगनवाडी भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। स्कूल और आंगनवाडी के बाहर विशेष रूप से कैमरे लगाए गए है ताकि बच्चों की सुरक्षा बनी रहे।

**चोरी और विवाद पर लगेगा अंकुश-** गांव में सीसीटी कैमरे लगने से मुख्य रूप से रात में होने वाली चोरी और लूट की घटना पर अंकुश लगेगा। वाहन घटना दुर्घटना पर अंकुश लगेगा साथ ही गांव में सार्वजनिक स्थान पर होने वाले वाद विवाद पर भी रोक लगेगी।

**पंचायत को बनाया कंट्रोल रूम-** सीसीटीवी कैमरों की निगरानी हेतु ग्राम पंचायत भवन में कंट्रोलरूम बनाया गया है। यहां करीब 50 इंच की एलईडी लगाई गई है। सीसीटीवी कैमरों को वाईफाई के माध्यम से पंचायत सरपंच श्री श्रीवास्तव के मोबाइल से भी जोडा गया है। ताकि सरपंच कहीं भी रहे वह अपने मोबाइल पर गांव की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख सके। सीसीटीवी कैमरो की मॉनिटरिंग भी स्वयं सरपंच करेंगे।

**मुख्य स्थान सीसीटीवी की निगरानी में-** ग्राम पंचायत अल्हेवड में बस स्टैंड, होली चौक, पाटीदार मोहल्ला, देवनारायण चौक, मेघवाल मोहल्ला, आईजी माताजी मंदिर, पंचायत चौराहा, माली समाज चौराहा, नई आबादी, हाईस्कूल सहित करीब 25 मुख्य स्थान पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 216 | 2230 | 2500 |
| उड़द | 27 | 4481 | 8000 |
| सोयाबीन | 5000 | 3751 | 4871 |
| गैहु | 2200 | 2651 | 3351 |
| चना | 35 | 4380 | 5275 |
| मसुर | 60 | 5301 | 6071 |
| धनिया | 425 | 5500 | 6700 |
| लहसुन | 9000 | 10000 | 22000 |
| मैथी | 342 | 5000 | 6300 |
| अलसी | 1353 | 4431 | 5238 |
| सरसो | 525 | 3800 | 5100 |
| तारामीरा | 00 | 00 | 00 |
| इसबगोल | 11 | 9800 | 14718 |
| प्याज | 5000 | 350 | 1800 |
| कलोंजी | 60 | 11500 | 17000 |
| डॉलर | 9 | 6000 | 13711 |
| तिल्ली | 39 | 9001 | 14780 |
| मटरसुखी | 2 | 2551 | 3000 |
| असालीया | 21 | 91401 | 10114 |



# तेज रफ्तार बस की टक्कर से युवक की मौत

**रतलाम, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आज सुबह रतलाम शहर के प्रमुख चौराहे पर आरटीओ विभाग की लापरवाही के चलते बड़ा सड़क हादसा घटित हो गया। जहा एक निजी स्कूली बस ने ट्रेक्टर ट्राली और बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दी, हादसे में पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह के समय सैलाना बस स्टैंड पर एक निजी स्कूल की बस ने ट्रैक्टर ट्राली और बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेक्टर ट्राली पलटी खा गई और बाइक सवार पुत्र लखन 18 वर्षीय की मौके पर मौत हो गई जब की पिता को गंभीर हालत में आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है की बस का ब्रेक फ़ैल हो गया था। सुचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली भी चौराहे पर पलट गई। बता दे की आरटीओ के नकारा रवैये के चलते शहर में कई स्कूल संचालक अनफिट बसों को दौड़ा रहे हैं। और आरटीओ विभाग खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी खत्म कर रहा है। गानिमत रही की दुर्घटना के समय बस में कोई भी स्कूली बच्चा नहीं था अन्यथा और अधिक बड़ा हादसा गठित हो सकता था। खबर लिखे जाने तक मृतक और घायल की पहचान स्पष्ट नहीं हुई है।

## मारपीट, 2 भाईयों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दो भाईयों पर केस दर्ज किया। बूढ़ा निवासी राहुल पिता भागीरथ राठौर ने बूढ़ा चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि गुणवन्त पिता घनश्याम पाटीदार व प्रफुल्ल पिता घनश्याम पाटीदार घर पर आए। गुणवन्त बोला कि तू मेरे भाई प्रफुल्ल के बारे में क्या बात फैला रहा है, कहते हुए गाली-गलौज की व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

## मंदिर में फिर चोरी

**पिपलियामंडी, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव रतन पिपलिया बालाजी मंदिर में फिर चोरी हो गई। चोर दान पेटी का ताला तोडकर नकदी व मंदिर में रखा तेल चोरी कर ले गए। उल्लेखनीय है कि छह माह पूर्व में मंदिर में चोरी हुई थी। शिकायत पर नाहरगढ पुलिस ने मामला जांच में लिया।

# स्वामी विवेकानंद ने विश्व में भारत की गरिमा बढ़ाई-मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व में बढ़ाया है भारत का सम्मान, मुख्यमंत्री ने सामूहिक सूर्य नमस्कार में मंत्रीगण के साथ योग अभ्यास किया

**नीमच, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व में भारत की गरिमा बढ़ाई थी। आज हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सुभाष शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन सिंह पटेल, सांसद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर और विधायक श्री भगवान दास सबनानी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम में सभी के साथ सूर्य नमस्कार एवं योग किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में विश्व में मान्यता दिलवाई है।

**प्रधानमंत्री के निर्णय करते हैं रोमांचित**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में अपनी गरिमा बढ़ाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का जीवन देशवासियों को प्रेरित कर रहा है। वे अपने निर्णयों से रोमांचित करते हैं। युवा हो या बुजुर्ग सभी वर्गों से आसानी से जुड़ जाते हैं। उनके नेतृत्व में भारत रक्षा के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में और अन्य क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारत सर्वाधिक युवाओं वाले देशों में से एक है। स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और सनातन के महत्व को विश्व में स्थापित किया। उन्होंने कठिन दौर में भी संन्यास ग्रहण करने के बाद शिक्षा ग्रहण करते-करते स्वामी रामकृष्ण परमहंस के मार्गदर्शन में धर्म और आध्यात्मिक का अध्ययन किया। उन्होंने विश्व के समक्ष भारत की विशेषताओं को उजागर किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् से हुई। सामूहिक सूर्य नमस्कार के अवसर पर मध्य प्रदेश गान भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान जन गण मन हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी और आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं।



# डीआरडीओ ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली, 12 जनवरी।** भारत के रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) ने आकाश मिसाइल की नई जनरेशन का आज सफल परीक्षण किया। इस टेस्ट को ओडिशा तट पर मौजूद इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज चांदीपुर से अंजाम दिया गया। नई पीढ़ी की आकाश-एनजी मिसाइल का यह टेस्ट सफल रहा। मिसाइल में लो ऑल्टिट्यूड में बड़ी ही तेज गति से जा रहे अपने टारगेट पर अचूक निशाना लगाया। इस परीक्षण के दौरान पूरे आकाश मिसाइल सिस्टम की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया, जिसमें मिसाइल सिस्टम के आरएफ सीकर, लॉन्चर, मल्टी फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल और कम्यूनिकेशन सिस्टम का भी परीक्षण किया गया। इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर में लगे रडार्स, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम से जो डाटा इकमा हुआ, उससे भी नई पीढ़ी के आकाश मिसाइल सिस्टम की क्षमता का परीक्षण भी सफल रहा। डीआरडीओ के साथ ही भारतीय वायुसेना के अधिकारियों की मौजूदगी में यह परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, बीडीएल और बीईएल जैसी सरकारी कंपनियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के सफल परीक्षण से हमारी हवाई सुरक्षा की क्षमताओं में और ज्यादा इजाफा होगा।


## ✻ अंतिम यात्रा ✻

हमारी पूज्य माताजी व स्वदीपसिंह, नवदीप सिंह, हर्षदीप सिंह, अभिनव सिंह की दादीजी एवं संयम की नानीजी श्रीमती सुमित्रा सिंह धर्मपत्नी (स्व.इंद्रजीतसिंह सब इंजीनियर सिंचाई विभाग) का देवलोक गमन दिनांक 12-01-2024 शुक्रवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 13-01-2024 शनिवार को हमारे निज निवास स्थान 17/03 करनी स्कूल के सामने शिव मंदिर के पास वाली गली से प्रात: 9:30 बजे निकलेगी।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
जगदीपसिंह राजपूत प्रदेश महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल,
संदीपसिंह राजपूत H N बिल्डर्स,
रतनदीपसिंह राजपूत एडवोकेट,
एवं राजपूत परिवार मंदसौर।

## पुष्पांजलि कार्यक्रम

स्व. विजय एवं अजय, संजय प्रधान की पूज्य माता जी श्रीमती त्रिवेणी देवी धर्मपत्नी स्व. श्री भोलानाथ प्रधान का स्वर्गवास दिनांक 11.1.2024 को हो गया है। पुष्पांजलि कार्यक्रम दिनांक 13.1.2024, शनिवार, को दोपहर 2.00 बजे निज निवास, 4/5 रामटेकरी, पानी की टंकी के पास, मंदसौर पर रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
प्रधान परिवार मन्दसौर


# राज्य कर्मचारियों का डीए 14 प्रतिशत बढ़ेगा, 3 प्रतिशत इंक्रीमेंट लगेगा, बढ़ेगा संविदाकर्मियों का वेतन

**भोपाल, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य सरकार फरवरी में आने वाले वोट एंड अकाउंट (लेखानुदान) में कर्मचारियों को 7 से 8 प्रतिशत तक डीए बढ़ाए जाने का वित्तीय प्रावधान करने जा रही है। दरअसल, मार्च 2025 तक कर्मचारियों का डीए 14 प्रतिशत बढ़ाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके बाद यह 56 प्रतिशत हो जाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है।

अभी राज्य के 7।50 लाख कर्मचारियों को 42 प्रतिशत डीए मिल रहा है, जो केंद्रीय कर्मचारियों को मिल रहे 46 प्रतिशत से 4 प्रतिशत कम है। हालांकि, इस भुगतान के लिए वित्त विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज दिया है, जिस पर मंजूरी मिलना बाकी है। इधर, 1 जनवरी से केंद्रीय कर्मचारियों का डीए फिर से मूल्य सूचकांक (बढ़ती महंगाई) के अनुसार 4त्न बढ़ाया जाना प्रस्तावित है, जिसकी जल्द केंद्र घोषणा करेगा। ताकि यह भुगतान लोकसभा चुनाव के पहले कर दिया जाए। राज्य सरकार ने फरवरी में लाए जा रहे लेखानुदान का अनुमान 1 अप्रैल 2023 से 30 नवंबर 2023 के बीच हुई आय के आधार पर तैयार किया है। इसी के अनुसार 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक के लिए खर्च की व्यवस्था की जाएगी।

**लंबित डीए के लिए चाहिए 1280 करोड़ रुपए**–मप्र में विधानसभा चुनाव होने की वजह से अक्टूबर में आचार संहिता प्रभावी हो गई थी। इसलिए 1 जुलाई 2023 से लंबित 4 प्रतिशत डीए का उन्हें भुगतान नहीं किया जा सका। इस बढ़े हुए डीए का भुगतान करने पर हर महीने 160 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। यदि बढ़े हुए एरियर के डीए का भुगतान किया जाता है तो यह खर्च 1280 करोड़ रुपए होगी। इस राशि को फिलहाल अभी वोट एंड अकाउंट में शामिल नहीं किया गया है।

**ये भी प्रावधान**–मंत्रियों और अफसरों के कार्यालयों और पेट्रोल पर खर्च 225 करोड़ रुपए ज्यादा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह खर्च 1874 करोड़ रुपए था जिसमें 10 प्रतिशत वृद्धि किया जाना है। इसके अलावा मजदूरी पर खर्च में 5 प्रतिशत वृद्धि किया जाना है, जिससे यह खर्च 150 करोड़ रुपए हो जाएगा। इस तरह साल भर का मजदूरी खर्च 2900 करोड़ रुपए होगा।



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मंदसौर नपा परिषद प्रदेश में चौथे स्थान पर व संभाग में पहले स्थान पर रही

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, सीएमओ श्री सुधीर कुमारसिंह, स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मंदसौर नपा परिषद मध्यप्रदेश की नगरपालिकाओं में चौथे स्थान पर रही है तथा उज्जैन संभाग में पहले स्थान पर है। मंदसौर नगरपालिका को दतिया, सीहोर एवं खरगोन के बाद चौथा स्थान मिला है। विगत 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण में मंदसौर नगरपालिका को 5233 अंक आये थे लेकिन इस 2023 के सर्वेक्षण में नपा ने 6884 अंक प्राप्त किये है पिछले 2022 के सर्वेक्षण में मंदसौर नगरपालिका को 1 लाख से 5 लाख की आबादी वाले शहरों की प्रतिस्पर्धा में शामिल किया गया था लेकिन 2023 के सर्वेक्षण में मंदसौर नगर को 1 से 10 लाख तक की आबादी के शहरों में शामिल किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मंदसौर नपा ने 3 स्टार रेकिंग व ओडीएफ++ का दर्जा मिला है जो कि पूरे उज्जैन संभाग में कई नगरपालिकाओं को प्राप्त नहीं हो सका। मंदसौर नगरपालिका की इस उपलब्धि पर नगरपालिका नगर के नागरिकों को पूरे वर्ष दिये गये सहयोग के प्रति धन्यवाद देती है।

# श्री राम कथा पर आधारित कार्यक्रम के अंतर्गत श्री हनुमान लीला कार्यक्रम आज

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पर्यटन विभाग द्वारा बताया गया कि श्री राम कथा पर आधारित कार्यक्रम के अंतर्गत श्री हनुमान लीला कार्यक्रम का आयोजन आज होगा। श्री हनुमान लीला में भगवान हनुमान के जीवन के उपाख्यानों को 15 दृश्यों में प्रस्तुत किया गया। श्रीहनुमान लीला को भक्ति की लीला के रूप में देखना चाहिये। भारतीय पौराणिक आख्यानों में सबसे बड़े भक्त के रूप में श्रीहनुमान जी का वर्णन अलग-अलग संदर्भों में आता है। अपने बाल्यकाल से ही श्रीहनुमान जी एक लीला की संरचना करते हैं, जिसमें वे सूर्य को निगलते हैं और देवता चिंतित हो जाते हैं। तब सभी देवता उपस्थित होकर श्रीहनुमान जी से प्रार्थना करते हैं और अपनी-अपनी शक्तियां श्रीहनुमान जी को आशीष स्वरूप प्रदान करते हैं। श्रीहनुमान जी का चरित अलग-अलग देव शक्तियों को एक ही चरित में प्रतिस्थापित करने की लीला का आख्यान है। कहा जाता है कि श्रीहनुमान भगवान शिव के अवतार हैं और देवी पार्वती उनकी पूंछ हैं। जब भी श्रीहनुमान जी से किसी भी तरह का दुर्व्यवहार आख्यान में आता है, जहां-जहां उनकी परीक्षा लेने और दंडित करने का किसी चरित के द्वारा प्रयत्न किया जाता है। तब देवी ही क्रोधित होकर अपने नाथ की रक्षा के लिये आगे आती हैं। पूंछ देवी और शक्ति का प्रतीक है। इन अर्थों में यह आख्यान, बहु भक्ति की अवधारणा को कितनी सहजता से प्रकट करता है।

# रामलला के स्वागत में मंदसौर बड़े बालाजी मंदिर पर होंगे भव्य आयोजन



**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री बड़े बालाजी मंदिर पुराना बस स्टैंड मंदसौर पर 22 जनवरी, सोमवार को अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन को महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन को आनन्द महोत्सव के रूप में मनाते हुए बड़े बालाजी मंदिर पुराना बस स्टेण्ड पर पर भव्य आयोजन होंगे।

उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया की लगभग 500 वर्षों के बाद भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है और यह सनातन भक्तों को समर्पित होगा। इसी खुशी के स्वरूप मंदिर समिति 22 जनवरी को प्रात: से संध्या तक उत्सव आनंद महोत्सव बनाया जाएगा। जिसमे हरिहर भक्त मंडल उज्जैन द्वारा सुंदरकांड व उद्घाटन के समय भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता व बालाजी महाराज की भव्य शाही महाआरती होगी। महाआरती में ढोल धमाके आतिशबाजी व कई भव्य रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन होंगे। तथा बालाजीं को 11 क्विंटल नुकती का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी बालाजी भक्तों से आग्रह अनुरोध किया है कि उत्सव के इस अवसर पर सभी नगरवासी अपनी सहभागिता करते हुए 22 जनवरी को शाम को सभी अपने अपने घर पर 11 दीपक व विद्युत सज्जा करें। समस्त भक्तजनों से 22 जनवरी को मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील मंदिर समिति के विनय दुबेला, जितेंद्र व्यास, वर्दीचन्द कुमावत विनोद रूनवाल, दिनेश जोशी, हेमंत सुरा, अनूप माहेश्वरी, अनिल सुराह, महेंद्रसिंह सिसोदिया, सज्जनलाल खमेसरा, कपिल सोलंकी, हरीश साल्वी व समस्त सदस्यों द्वारा की गई।

## शर्मा ने संभाला पदभार

**पिपलियामंडी, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सेवानिवृत पेंशनर नागरिक महासंघ के नव नियुक्त अध्यक्ष पंकज शर्मा तरुण ने पदभार संभाला। सदस्यता अभियान का भी शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष देवीलाल सेठिया, हरिसिंह यादव, केसी टेलर, हुकमीचन्द कनेरिया, नवलसिंह चुण्डावत, सुरेशचन्द जैन, वासुदेव धनोतिया, अम्बालाल कारपेंटर आदि उपस्थित रहे।

## वारंटी को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** फरार वारंटी को पिपलिया पुलिस ने पकड़ा। धारा 138 एनआई एक्ट में बोतलगंज निवासी रज़्ज़ाक (59) पिता बफाती धारी फरार था। जिसका नारायणगढ़ न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया था।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा की जिला बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की कार्ययोजनानुसार एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार भाजपा पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान के नेतृत्व में आगामी कार्ययोजना को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया एंव भाजपा पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार की गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत पिछड़ा मोर्चा जिला पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जो विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है उसका कार्य पार्टी संगठन द्वारा पिछड़ा वर्ग मोर्चा को दिया है वो कार्य पूरे जिले ने करना है। इस योजना का लाभ प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को मिले इसके लिये प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार ने आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। साथ ही कहा की प्रदेश द्वारा दिये गये समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करना है। स्वागत भाषण देते हुए भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने कहा की पिछडा मोर्चा प्रदेश की कार्ययोजनानुसार जो कार्य हमें सौपां है उस कार्य को हम पूरी तनमता के साथ लगना है और प्रदेश द्वारा दिये कार्यो को मोर्चा द्वारा जिले के प्रत्येक मंडल में सम्पन्न करवाना है। बैठक का संचालन पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सुमित सेन ने किया एंव आभार पिछड मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय शर्मा (पोपट) ने माना। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री नंदू कुमावत, जगदीश गुर्जर, नरेंद्र धाकड़ नगरी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, विनोद गुर्जर, सुनील योगी सहित जिला पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी पिछड़ा मोर्चा जिला मिडिया प्रभारी अम्बालाल चौहान ने दी।





## तीन दिसवीय खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**नाहरगढ़, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हंस वाहिनी हाई स्कूल नाहरगढ में 3 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता तथा स्वामी विवेकानंद की जन्म जयन्ती पर सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन सफ़लतापूर्वक आयोजन किया गया ।। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री मनीष माली , संचालक कपिल माली ओर सहायक शिक्षक कारूलाल माली ,अरुण पाटीदार ,दीपक धाकड तथा समस्त विद्यालय परिवार ने अपना योगदान दिया ।। खेल प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने उत्साह के साथ सहभागिता ली ।खेल कर माध्यम से छात्रों को शारीरिक स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी गयी और स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सम्बंधित महत्पूर्ण बातें शिक्षकों के द्वारा बताई गई।



## नि:शुल्क क्रिकेट स्पर्धा आज से

**पिपलियामंडी, 12 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव आक्यापालरा में 9 दिनी नि:शुल्क क्रिकेट स्पर्धा 13 जनवरी से शुरु होगी। सरपंच सुगनबाई व जनपद सदस्य भेरुलाल भाटी ने बताया प्रतियोगिता आक्यापालरा मांगलिक भवन के पास खेल ग्राउण्ड में होगा, जिसमें 32 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 11500 व उप विजेता टीम को 5100 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




## ✻ उठावना ✻

श्रद्धेय श्री मेरे पूज्य पिताजी एवं स्व. नारायणलाल जी मंगल के सुपुत्र व स्व. रमेशचंद्र जी , स्व.महेशचंद्र जी मंगल के छोटे भाई , संजय, राजेश एवं अमित के चाचाजी

**श्री राधेश्याम जी मंगल**

का स्वर्गवास दिनांक 11 जनवरी 2024 को हो गया था जिनका उठावना आज दिनांक 13 जनवरी 2024 शनिवार को दोपहर 2:00 बजे फतेहपुरिया अग्रवाल धर्मशाला बस स्टैंड पर रखा गया है।

(बैठक का समय सायंकाल 4 से 6)

निज निवास –नारायण निवास दशपुर कुंज की गली

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
दीपक मंगल
एवं मंगल परिवार

फर्म: रमेशचंद्र महेशचंद्र अग्रवाल,
सुंदर पैलेस, संजय दाल मिल,
गगन इंडस्ट्रीज मंदसौर


## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक–क्यू मंदसौर, दिनांक–12.01.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रजतकुमार जैन पिता राजेशकुमार पद्मावति नगर मंदसौर का निवासी हूं। आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन कर रजत जैन करवाना चाहता हूं।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| रजत कुमार जैन | रजत जैन |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

## कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 12.01.2024

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेशचन्द्र पिता बद्रीनारायण जाति लोहार, निवासी सीतामऊतहसील सीतामऊजिला मंदसौर द्वारा मकान जो कि मकान नंबर-352 जो सर्वे कमांक-776/5 भाग होकर प.ह.नं. 23 ग्राम सीतामऊ तहसील सीतामऊजिला मंदसौर को विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 320 दिनांक 09.05.1994 श्यामाबाई पिता ददू जी जाति मेहतर, निवासी सीतामऊ तहसील सीतामऊजिला मंदसौर से क्रय किया था। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है–

चर्तु सीमा– पूर्व में–रोड़, पश्चिम में– शासकीय भूमि, उत्तर में –विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में–शासकीय भूमि। कुल क्षेत्रफल – रकबा 0.212 हेक्टर है।

उक्त संपत्ति पर रमेशचन्द्र पिता बद्रीनारायण जाति लोहार, निवासी सीतामऊ तहसील सीतामऊजिला मंदसौर द्वारा एच.डी.बी. फायनेशियल सर्विसेस लिमिटेड महाराणा प्रताप बस स्टेंण्ड के पास पामेचा कॉम्पलेक्स मन्दसौर से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 3 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर




# जनजातीय सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# आहार अनुदान योजना

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

## 1.94 लाख

जनजातीय बहनों को

## पोषण आहार

के लिए

## ₹29.11 करोड़

का अंतरण एवं

## विकास कार्यों का लोकार्पण

13 जनवरी, 2024 - अपराह्न 12:30 बजे

पॉलिटेक्निक ग्राउंड, शहडोल



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"मध्यप्रदेश का जनजातीय समाज प्रदेश की पहचान है, यह समाज स्वस्थ रहे, पोषित रहे, यह सरकार की ज़िम्मेदारी है। इनके पोषण, स्वास्थ्य और बेहतर जीवन के लिए समर्पित होकर कार्य करना हमारी प्राथमिकता है ताकि इनका आने वाला कल उज्ज्वल हो।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



- जनजातीय क्षेत्रों में **पेसा नियम** लागू
- **मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना** से जनजातीय ग्रामों में सीधे पहुंच रहा राशन
- **आहार अनुदान योजना** में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवार की महिला मुखिया को प्रतिमाह रु.1500
- **वन अधिकार अधिनियम** के तहत 2 लाख 70 हजार वनाधिकार दावे मान्य
- प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखण्डों में **सिकल सेल उन्मूलन मिशन** लागू
- **जनजातीय क्षेत्रों में बस्तियों का विकास** - विद्युतीकरण, पम्पों का ऊर्जीकरण, पेयजल आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी निर्माण कार्य
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए **94 सीएम राइज़ स्कूल** संचालित
- 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 81 कन्या शिक्षा परिसर एवं 8 आदर्श आवासीय **विशिष्ट विद्यालय**
- जे.ई.ई., क्लेट, नीट आदि राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं में कोचिंग के लिए **आकांक्षा योजना**
- छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलने पर उच्च शिक्षा के लिए **आवास भत्ता**
- **विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना** में उच्च शिक्षा के लिए प्रति वर्ष 50 युवाओं को लाभांवित करने का लक्ष्य
- विशेष पिछड़ी जनजाति जिलों में **कौशल विकास केंद्र** संचालित
- जनजातीय युवाओं के लिए **भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण** जैसी योजनाएं संचालित

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11168/23 मध्यप्रदेश शासन


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in